कक्षा 7

कार्य पत्रिका 1

साहित्य पाठ 12,13

व्याकरण उपसर्ग,प्रत्यय,समास

1) भानजा मामा जी के घर किस उद्देश्य से आया था?

2) कितने रुपयों के गबन का आरोप मामा जी के सिर पर मढ़ दिया गया था?

3) ईश्वर ने किसकी प्रार्थना सुन ली?

4) विदेशज शब्दों के हिंदी पर्याय लिखें। वक्त, तकलीफ

5) बूढ़े कुत्ते की समूची देह में कौन सा रोग लग गया था?

6) लेखक के एक मित्र ने कुत्ते को क्या खिला देने की सलाह दी?

7) चोरों ने कुत्ते के ऊपर किससे आक्रमण किया था?

8) लेखक ने कुत्ते के किस गुण का जिक्र नहीं किया है?

9) दिए गए शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाएँ।

सरल,मधुर

10) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

क) अपने स्वामी की भक्ति करने वाला-

ख) धूल मिट्टी से सना हुआ-

11) बूढ़े कुत्ते की हालत कैसी हो गई थी?

12) किसके प्रति कुत्ते की अधिक भक्ति और प्रीति थी?

13)कौन, किसके घर में तथा किस कारण मेहमान बनकर आया था?

14) महाजन के पास जाना क्यों जरूरी था?

15)मामा जी के घर में किस चीज़ की कमी थी?

16)भानजे को क्या नहीं आता था?

17) लिखित शब्दों में उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग अलग करके लिखें।

निर्बल, सपरिवार

18)नीचे दिए गए मूल शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाएँ।

प्रार्थना, मित्र, रंग

19)समस्त पद लिखें।

रात ही रात में-

समय के अनुसार-

चार राहों का समूह-

धन से हीन-

20) समास विग्रह करें। दशानन, जन्मांध,
ज्वरपीड़ित

कक्षा 7

कार्य पत्रिका 2

साहित्य पाठ 14,15

व्याकरण- वाक्यांशों के लिए एक शब्द, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द, पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द

1) कम से कम तीन पर्याय लिखें।

शत्रु-

मनुष्य-

2) दिए गए शब्दों के विलोम लिखें।

जटिल, तीव्र, प्रकट, उष्ण

3) वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखें।

क) सप्ताह में एक बार होने वाला

ख) शरण में आया हुआ

ग) अपनी हत्या स्वयं करना

घ) 15 दिन में एक बार होने वाला

4) श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द। अर्थ लिखकर अंतर स्पष्ट करें।

रक्त/रिक्त

वसन/व्यसन

5) अपठित गद्यांश

सदाचार चरित्र की पवित्रता को और शिष्टाचार व्यावहारिक कुशलता को प्रकट करता है। मनुष्य की मनुष्यता उसके चरित्र में निहित होती है। सदाचार के गुणों का विकास करने के लिए माता पिता और गुरुजनों को बचपन से ही ध्यान देना चाहिए। जैसे माली पौधों को स्वस्थ रखने के लिए पानी और

खाद डालता है। उसके आसपास की घास और गंदगी को साफ करता है, सूखे पत्तों और टहनियों को काटकर फेंकता है। उसी प्रकार बालक में भी अच्छी आदतों का विकास कर उन्हें शिष्ट बालक बनाना चाहिए जिससे आगे चलकर राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल हो। सदाचार के द्वारा ही व्यक्ति महान बनता है।

गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

क) सदाचार और शिष्टाचार किसे प्रकट करते हैं?

ख) मनुष्य की मनुष्यता किस में निहित होती है?

ग) बच्चों में सदाचार के गुणों का विकास करने के लिए कौन- कौन सहायक होता है?

घ) माली पौधों को स्वस्थ रखने के लिए क्या करता है?

6) कविता में कवि ने किसे बहुत बड़ी और निर्मम कहा है?
7) पक्षियों को बाहर किसका डर होता है?
8) पिंजरा टूट जाने या खुल जाने पर चिड़िया क्या करेगी?
9) 'यहाँ चुगा मोटा हैं' इस पंक्ति का क्या तात्पर्य है?
10) सुलतान किसका नाम था?
11) अपाहिज कहाँ पर बैठा था?
12) खड़गसिंह कौन था?
13) मनुष्य होने के नाते अपनी वस्तु की प्रशंसा किस के मुख से सुनने के लिए कौन बेचैन हो उठा?
14) खडगसिंह बाबा भारती के मंदिर में सुलतान को लेकर कब पहुँचा?
15) केवल अर्थ लिखें। प्रयोजन, सन्नाटा
16) वाक्य रचना करें। अभिलाषा
17) सही या गलत बताएँ। क) खडगसिंह को बाबा भारती का घोड़ा बहुत पसंद आया।
    ख) बाबा भारती ने खड़ग सिंह को उनका घोड़ा लौटा देने की प्रार्थना की।
18) विस्तार से लिखें। पिंजरे में खाने पीने की क्या क्या सुविधाएँ हैं जो बाहर नहीं हैं?
19) कविता के शीर्षक मुक्ति की आकांक्षा की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।
20) बाबा भारती ने अपाहिज की किस प्रकार सहायता की?

कक्षा 7

कार्य पत्रिका 3

साहित्य पाठ 17,18

व्याकरण-कारक, अपठित पद्यांश, संबंधबोधक, काल, विशेषण

1) आजाद हिंद फौज की पहली महिला कैप्टन का नाम____

2) मद्रास का वर्तमान नाम___

3) कैप्टन लक्ष्मी सहगल के पिता क्या काम करते थे?

4) कैप्टन लक्ष्मी सहगल के पिता ____ के कट्टर विरोधी थे।

5) विदेशी शब्दों के हिंदी पर्याय लिखें।

हुकूमत, मशहूर

6) विलोम शब्द लिखें। अनुकूल, विरोधी

7) आजाद हिंद फौज की पहली महिला रेजिमेंट का नाम क्या था?

8) जामुन की पत्तियों से क्या तैयार किए जाते हैं?

9) जामुन का सेवन शरीर में किस की कमी को नहीं होने देता?

10) मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग करें।

चमत्कारी, औषधीय

11) उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरिए।

क) खिलाड़ी खेल____ (रहे/रहा) है।

ख) मोहन मन लगाकर____ (पढ़ेगा /पढ़ूँगा)

ग) नृत्यांगना नृत्य____ (करेगी करूँगी)

घ) धोबी कपड़े____ (धोता/ धोएगा) है।

12) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिन्ह से कीजिए।

क) सैनिक घोड़े___ सवार है। ख) अखिल निखिल____ उपहार लाया है।

ग)हम गाड़ी___ आए हैं।

13)संबंधबोधक भरें।

क) मेरे स्कूल ____मंदिर है।

ख) छत __ बंदर बैठा है।

ग) मीरा___ कृष्णा गाएगी।

घ) सुरेश____रमेश अधिक बुद्धिमान है।

14) दिए गए वाक्यों में विशेषण का नाम बताएँ।

क) थोड़ा सा पानी लाइए।

ख) हमारे घर में दस व्यक्ति हैं।

15) अपठित पद्यांश

पर्वत कहता शीश उठाकर
तुम भी ऊँचे बन जाओ,
सागर कहता है लहराकर
मन में गहराई लाओ,
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो कितना भी हो सर पर भार
नभ कहता है फैलो इतना
ढक लो तुम सारा संसार
समझ रहे हो क्या कहती है
उठ-उठ गिर कर तरल तरंग
भर लो भर लो अपने मन में मीठी मीठी मृदुल उमंग।

क) पृथ्वी हमें क्या सीख देती है?

ख) नभ से हमें क्या प्रेरणा मिलती है?

ग) 'गहराई' शब्द में मूल शब्द क्या है?

16)केवल अर्थ लिखें। मरणोपरांत, मिसाल

17) कैप्टन लक्ष्मी का विवाह किससे हुआ?

18) जामुन की पत्तियों के प्रमुख दो उपयोग बताइए?

19) मधुमक्खियों को जामुन का पेड़ अनुकूल क्यों लगता है?

20) जामुन का फल खाते समय आप क्या सावधानी बरतेंगे?

कक्षा 7

कार्य पत्रिका-4

साहित्य- पाठ 19

व्याकरण- संधि, अशुद्धि शोधन, पत्र, अनुच्छेद लेखन, समुच्चयबोधक, निपात, मुहावरे लोकोक्तियाँ

1) संधि विच्छेद करें

उच्चारण, सूर्योदय,

रजनीश, दयानन्द

2) संधि संयोजन करें।

जगत+ईश

मेघ+आलय

ज्ञान+उपदेश

लोक+उक्ति

3) शुद्ध रूप लिखें।

आसीरवाद,विगयान,प्रशाद

4) समुच्चयबोधक द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

क) सुबह जल्दी उठो___ सैर का आनंद ले सको।

ख) पिताजी ने कहा___ खूब परिश्रम करना।

ग) वह यहाँ आया था___ ज्यादा देर नहीं रुका।

घ) हेमा ने बुलाया था___ उमा गई थी।

5) निपात द्वारा वाक्य पूरे कीजिए।

क) रोगी से आज दवा___ नहीं पी गई।

ख) रात___ बिजली नहीं आई।

ग) यह लड़का___ शैतान है। घ) उसने मेहनत___ बहुत की, पर सफल न हो सका।

6) दिए गए मुहावरों के केवल अर्थ लिखें।

क) नमक मिर्च लगाना

पत्थर की लकीर होना

पेट में चूहे कूदना

बाएँ हाथ का खेल होना

7) लोकोक्तियों के केवल अर्थ लिखें।

क) धोबी का कुत्ता न घर का, न घाट का

ख) खोदा पहाड़, निकली चुहिया

ग) चार दिन की चाँदनी फिर अंधेरी रात

8) अनुच्छेद लेखन

लगभग 60/70 शब्दों में अनुच्छेद लिखें।

स्वास्थ्य ही जीवन है

9) पत्र लेखन

अपने मित्र को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए।

10) दिए गए समस्त पदों का विग्रह कीजिए।

दशानन, त्रिनेत्र

11) दो- दो पर्याय लिखिए। पुष्प-

गुरु-

12) नारायण का सही अर्थ क्या होता है?

13) मीराबाई ने अविनाशी शब्द का प्रयोग किनके लिए किया है?

14) ईश्वर का निवास कहाँ पर होता है?

15) फूल के मध्य में किस का निवास होता है?

16) बाहर और भीतर दोनों को कैसा मानना चाहिए?

17) केवल अर्थ लिखें।

आपा, कुलनासी

18) नारायण की दासी कौन और कैसे हो गई?

19) मीरा के पति का नाम क्या था? उनके प्रभु कौन हैं?

20) नानक देव जी के अनुसार ईश्वर कहाँ निवास करते हैं?